हांगझोऊ एशियाई खेल 2022

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (South Asian Football Federation- SAFF) **कप 2023** में **भारत की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम** द्वारा असाधारण सफलता हासिल करने के बाद से इस खेल को लेकर **विभाजनकारी क्लब बनाम देश** नामक विवाद शुरू हो गया है।

- इस मतभेद का प्रमख कारण **अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ** (All India Football Federation- AIFF) और **इंडियन सुपर लीग** (ISL) टीमों के बीच खिलाड़ियों की उपलब्धता है। यह आगामी **एशियाई खेलों के लिये टीम** की संरचना के संबंध में अनिश्चितताओं को उजागर करता है।
- 19वाँ **एशियाई खेल 23 सितंबर, 2023 से 8 अक्तूबर, 2023** तक **चीन के हांगझोऊ** में आयोजित होने वाला है, यह मूलतः वर्ष 2022 में आयोजित होने वाला था किंतु **कोविड-19 महामारी** के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था।

एशियाई खेल:

- **परिचय:**
  - एशियाई खेल, **एशिया की सबसे बड़ी खेल प्रतियोगिता** है। इन्हें प्रत्येक चार वर्ष में एक बार आयोजित किया जाता है। इनका आयोजन **एशिया ओलंपिक परिषद** (Olympic Council of Asia- OCA) द्वारा किया जाता है।
    - एशियाई खेलों का प्रतीक चिन्ह **उगते हुए सूरज के साथ एक-दूसरे से जुड़े हुए छल्ले** हैं।
  - **इसे अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा मान्यता प्राप्त है।**
- **पृष्ठभूमि एवं शुरुआत:**
  - कई एशियाई देशों ने **द्वितीय विश्व युद्ध** के बाद स्वतंत्रता प्राप्त की और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति के सदस्य **गुरु दत्त सोंधी** ने एशियाई खेलों के आयोजन का प्रस्ताव रखा ताकि सभी एशियाई देशों का प्रतिनिधित्व किया जा सके।
    - पहला **एशियाई खेल वर्ष 1951 में नई दिल्ली** में आयोजित किया गया था।
- **विनियमन:**
  - **एशियाई खेल महासंघ** ने **वर्ष 1951 से 1978** तक एशियाई खेलों के विनियमन का कार्य **किया** । **वर्ष 1982 से** एशियाई खेलों के **विनियमन** का कार्यभार **एशियाई ओलंपिक परिषद** द्वारा किया जाने लगा।
- **भारत की मेज़बानी:**
  - **भारत** एशियाई खेलों का **संस्थापक सदस्य** है और भारत ने ही पहले एशियाई खेलों की मेज़बानी की थी।
  - **एशियाई खेलों का 9वाँ** संस्करण वर्ष 1982 में नवंबर और दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किया गया था।
    - **अप्पू, भारतीय हाथी**, एशियाई खेलों के लिये इस्तेमाल किया जाने वाला पहला शुभंकर था।
- **19वाँ एशियाई खेल हांगझोऊ, चीन:**
  - **हांगझोऊ और पाँच सह-मेज़बान शहरों** में 54 प्रतियोगिता स्थलों पर कुल **40 प्रमुख खेल और 61 अन्य खेलों का आयोजन** किया जाएगा।
  - **तीरंदाजी, तैराकी, मुक्केबाजी, ब्रेकिंग, हॉकी, आधुनिक पेंटाथलॉन, नौकायन, टेनिस और वाटर पोलो** कुछ ऐसे खेल हैं जो **ओलंपिक क्वालीफायर** के रूप में कार्य करेंगे, जिससे प्रतियोगियों को **वर्ष 2024 में पेरिस में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों** में स्थान बनाने का मौका मिलेगा।
  - 19वें एशियाई खेल का शुभंकर रोबोटों का एक समूह है जिनके नाम हैं: **चेनचेन, कांगकॉन्ग, लियानलायन**।
  - 19वें एशियाई खेलों की मशाल को "**इटरनल फ्लेम**" नाम दिया गया है। यह डिज़ाइन प्राचीन चीनी सभ्यता की लियांगझू संस्कृति से प्रेरित है।
- **ई-स्पोर्ट्स और ब्रेकिंग (ब्रेकडांस)** मान्यता प्राप्त और आधिकारिक खेल आयोजनों के रूप में अपनी उद्घाटन प्रस्तुति करेंगे।

ई-स्पोर्ट्स और ब्रेकिंग

- **इलेक्ट्रॉनिक स्पोर्ट्स, या ई-स्पोर्ट्स,** प्रतिस्पर्द्धी गेमिंग का एक रूप है जिसमे खिलाड़ी आभासी और इलेक्ट्रॉनिक रूप से विभिन्न प्रकार के खेलों में प्रतिस्पर्द्धा करते हैं।
  - **उदाहरण:** लीग ऑफ लेजेंड्स, ओवरवॉच, फोर्टनाइट, DOTA 2

- **ब्रेकिंग:** "ब्रेकिंग" एक प्रकार की स्ट्रीट डांसिंग है जिसमे इसके प्रदर्शनकर्त्ता आपसी समन्वय, विभिन्न प्रकार की कलाबाज़ी और जटिल शारीरिक गतिविधियों के माध्यम से इसकी शैली तथा कला का प्रदर्शन करते हैं।
    - इसका विकास 1970 के दशक की शुरुआत में हिप हॉप आंदोलन की शुरुआत के साथ हुआ और **सभी हिप हॉप नृत्य शैलियों में इसे सबसे व्यापक रूप से जाना जाता है।**

नोट: 20वाँ एशियाई खेल वर्ष **2026** में **जापान के नागोया** में आयोजित किया जाएगा।

AIFF:

- यह **भारत में फुटबॉल संघों हेतु एक शासी निकाय** है।
- इसका गठन 23 जून, 1937 को भारत के शिमला में सेना मुख्यालय में छह क्षेत्रीय फुटबॉल संघों के प्रतिनिधियों की बैठक के बाद किया गया था।
- भारत की स्वतंत्रता के एक वर्ष बाद वर्ष 1948 में AIFF ने फीफा से संबद्धता हासिल कर ली।
- यह पूरे देश में **दोनों राष्ट्रीय टीमों** के साथ-साथ **विभिन्न लीग और क्लब स्तर की प्रतियोगिताओं** का संचालन करता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. 32वें ग्रीष्मकालीन ओलंपिक के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. इस ओलंपिक का आधिकारिक आदर्श वाक्य 'एक नई दुनिया (ए न्यू वर्ल्ड)' है।
2. इस ओलंपिक में स्पोर्ट क्लाइम्बिंग, सर्फिंग, स्केटबोर्डिंग, कराटे तथा बेसबॉल को शामिल किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (b)

प्रश्न. वर्ष 2000 में प्रारंभ किये गये लॉरियस विश्व खेल पुरस्कार(लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2021)

1. अमेरिकी गोल्फ खिलाडी टाइगर वुड्स इस पुरस्कार के सर्वप्रथम विजेता थे।
2. अभी तक यह पुरस्कार अधिकतर 'फॉर्मूला वन' खिलाड़ियों को मिला है।
3. अन्य खिलाड़ियों की तुलना में रॉजर फेडरर को यह पुरस्कार सबसे अधिक बार मिला है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

उत्तर: c

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/hangzhou-2022-asian-games